>

Title: Need to conduct survey of important archaeological sites in Madhya Pradesh- Laid

श्री गणेश सिंह (सतना): मध्य प्रदेश युग-युगीन सभ्यताओं से परिपूर्ण है । यहां पाषाण युग से वर्तमान समय तक के अवशेष लगातार कमबद्ध मिलते हैं, जिनमें आदिमानव की संस्कृति का क्षेत्र ताम्राशम युग की सभ्यता मौर्य काल के अवशेष, शुभ काल के स्तूप इत्यादि के अवशेष हैं । सांची, भीमबेटका इत्यादि प्रसिद्ध हैं । किंतु, अभी भी सम्पूर्ण प्रदेश के गांव एवं उसके आसपास के क्षेत्रों का पुरातत्वीय सर्वेक्षण होना शेष है । ।

मध्य प्रदेश के प्रत्येक जिले में पुरातत्व परिषद या अन्य शासकीय माध्यम से इनका सर्वेक्षण किया जाना चाहिये एवं इनका प्रकाशन किया जाना उचित होगा, जिससे आम जनता हमारी धरोहर से रूबरू हो सके ।

निम्न पुरातत्व वेत्ताओं, के माध्यम से कमेटी बनाकर रिसर्च कराया जायेः

1. डॉ0 नारायण व्यास, पुरातत्व वेत्ता, भोपाल
2. श्री एस0बी० ओटा, पुरातत्व वेत्ता, विदिशा
3. डॉ० सुदयुम्न आचार्य, पुरातत्व वेत्ता, सतना